पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 612.27 करोड़ रु0 की लागत के गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण प्रस्ताव का प्रस्तुतिकरण देखा

गोरखपुर जंक्शन गोरखपुर की पहचान बने, इस दिशा में कार्य करना होगा : मुख्यमंत्री

गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट की तर्ज पर प्रीपेड टैक्सी, ई–रिक्शे का पंजीकरण करते हुये उनकी पार्किंग, स्ट्रीट वेण्डरों के लिए व्यवस्थित ढंग से पुनर्वास की व्यवस्था की जाए

गोरखपुर रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव को गोरखपुर स्मार्ट सिटी के साथ जोड़कर आगे की कार्ययोजना बनायी जाये

लखनऊ : 30 मार्च, 2023

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज गोरखपुर में 612.27 करोड़ रुपये की लागत के गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण प्रस्ताव का प्रस्तुतिकरण देखा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर जंक्शन गोरखपुर की पहचान बने, इस दिशा मे कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की भी यही मंशा है कि हमारे भवन हमारी पहचान बनें। गोखपुर रेलवे स्टेशन से पूर्वी उत्तर प्रदेश की बहुत बड़ी आबादी यात्रा करती है। गोरखुपर रेलवे स्टेशन से गोरखपुर के साथ देवरिया, बस्ती, सन्तकबीर नगर, महाराजगंज, नेपाल एवं पूर्वी बिहार की जनता भी यात्रा करती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट की तर्ज पर प्रीपेड टैक्सी की व्यवस्था की जाए। साथ ही, ई–रिक्शे का पंजीकरण करते हुये उनकी पार्किंग की व्यवस्था भी की जाए। स्ट्रीट वेण्डरों के लिए व्यवस्थित ढंग से पुनर्वास की व्यवस्था की जाए और उन्हें स्थान चिन्हित कर उपलब्ध कराया जाये। जंगल कौड़िया–मोहद्दीपुर 04 लेन के निर्माण की चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि विकास के लिये गोरखनाथ मन्दिर ट्रस्ट के द्वारा गोरखनाथ मन्दिर की दुकानों को बड़ी संख्या में तोड़कर विकास के कार्य में सहयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव को गोरखपुर स्मार्ट सिटी के साथ जोड़कर आगे की कार्ययोजना बनायी जाये। यदि हम लोगों को गुणवत्तापूर्ण सुविधा देंगे तो लोग यहां आएंगे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेलवे द्वारा स्थापित किये जाने वाले एस0टी0पी0 से जल निकासी की व्यवस्था को बेहतर ढंग से किया जाए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों के लिये सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के साथ ही लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों मे नशा करने वाले लोगों को चिन्हित कर पुनर्वास केन्द्रों में भेजकर उनके जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया जाये। नशे का करोबार करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाये। बच्चों के लिये स्कूल एवं पुनर्वास केन्द्र बनाया जाये।

बैठक में मुख्यमंत्री जी को गोरखपुर रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव के बारे में अवगत कराया गया कि एयरपोर्ट की तर्ज पर रेलवे स्टेशन पर एयर कॉनकोर्स के साथ मल्टी लेवेल पार्किंग, फूड प्लाजा, शॉपिंग मॉल, होटल, अस्पताल के साथ–साथ आने–जाने वाले यात्रियों के आवागमन के लिये अलग–अलग व्यवस्था होगी। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन को बस स्टैण्ड एवं भविष्य में बनने वाले मेट्रो स्टेशन के साथ जोड़ने का भी प्रस्ताव है।

इस अवसर पर शासन–प्रशासन तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————

PN-CM-Gorakhpur Visit-Railway Station-30 March, 2023